# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के ग्यारह साल हुए पूरे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– युवाओं में स्वरोजगार को मिला बढ़ावा।**
2. **ट्राई ने कॉल और एस.एम.एस. वाले सस्ते रिचार्ज पैक लाने के लिए संशोधित मसौदा किया जारी।**
3. **नक्सलियों के खिलाफ सारंडा में चल रहे अभियान के दौरान तेज आंधी–तूफान से पेड़ के नीचे दबने से घायल सीआरपीएफ जवान की इलाज के दौरान मौत।**
4. **भारतीय रेल यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर 17 अप्रैल से अजमेर–रांची के बीच दो जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का करेगी संचालन।**
5. **रांची के होटवार स्थित खेलगांव में झारखंड का पहला खेलो इंडिया साइकिलिंग सेंटर खुलेगा, खिलाड़ियों के चयन को लेकर जल्द शुरू होगा ट्रायल।**

***********************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज ग्यारह साल पूरे हो गये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में यह योजना लाभकारी सिद्ध हुई है। देशभर में अब तक 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 58 करोड़ ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से दो–तिहाई ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। **इधर गिरिडीह** जिले **के** लाभुकों ने बताया कि लोन से न सिर्फ स्वरोजगार का अवसर मिला, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता का रास्ता भी खुला।

***********************

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की। रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि **रेपो रेट** को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6 दशलमव 9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि ऊर्जा संशाधनों की कीमतों में हाल में हुई वृद्धि से महंगाई बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं पर लगातार नजर रखने की जरूरत है।

***********************

**भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण– ट्राई** ने आज दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण विनियमन 2026 का संशोधित मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य डेटा–मुक्त, केवल वॉयस और एस.एम.एस. वाले सस्ते रिचार्ज पैक अनिवार्य करना है। मोबाइल नेटवर्क कंपनियों को प्रत्येक डेटा वाउचर के लिए समान अवधि का केवल कॉल, एस.एम.एस. वाला सस्ता वाउचर भी लाना होगा। इसका उद्देश्य ऐसे उपभोक्ताओं को राहत देना जो केवल **कॉलिंग** और **एस.एम.एस.** का उपयोग करते हैं।

***********************

यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने अजमेर और रांची के बीच दो जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या **09619 अजमेर–रांची स्पेशल** 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक और **09620 रांची–अजमेर स्पेशल** 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक निर्धारित समयानुसार संचालित होगी। 20 कोच वाली इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से झारखंड और राजस्थान के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

***********************

हजारीबाग जिला प्रशासन ने पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर **"नीर वीर"** व्हाट्सएप चैटबॉट की शुरुआत की है। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि गर्मी में लोग अपने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं और खराब या निष्क्रिय चापानल को लेकर व्हाट्सएप नंबर **8757864361** के जरिए शिकायत दर्ज करा सकेंगे। वहीं **8076635024** पर कॉल कर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

***********************

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों, इकाइयों और वाहिनियों को निर्देश जारी कर कहा है कि किसी भी पुलिस पदाधिकारी या कर्मी के निलंबन से संबंधित आदेश की प्रति अनिवार्य रूप से मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाये। इस संबंध में एनजी शाखा की ओर से पत्र जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

***********************

नक्सलियों के खिलाफ सारंडा में चल रहे अभियान के दौरान कल देर रात तेज आंधी–तूफान के कारण कैंप में एक पेड़ सीआरपीएफ के कोबरा जवान राकेश कुमार पर जा गिरा। आईजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने बताया कि घायल अवस्था में जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। शहीद राकेश कुमार बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले थे।

***********************

बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के खूंटाडीह गांव से लापता युवती के मामले में याचिकाकर्ता के परिजन को थाना में पीटे जाने पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि अनुसंधान के क्रम में पीड़ित परिवार के रिश्तेदार को थाने में बुलाया गया था, लेकिन मारपीट की जानकारी उन्हें नहीं है। यदि मारपीट की घटना हुई है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच कोर्ट के निर्देश पर चल रही थी।

**साउंड बाईट– बोकारो एसपी ऑन मारपीट– 29 सेकेंड**

***********************

देवघर जिले में अपराध पर लगाम लगाने और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम लागू किया है। एसपी ने कहा कि यह सिस्टम जिले की सुरक्षा को मजबूत करेगा। इसके जरिए ऐसे तत्वों पर नजर रखी जाएगी, जो बिना वैध कारण होटल या गेस्ट हाउस में ठहरते हैं। होटल संचालकों को हर मेहमान का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करना होगा। वहीं थाना प्रभारी अपने स्तर से तुरंत ऑनलाइन सत्यापन करेंगे।

***********************

जमशेदपुर में **"दिशोम गुरु मेमोरियल लाइब्रेरी"** शिक्षा और ज्ञान का नया केंद्र बनकर उभर रही है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस लाइब्रेरी में करीब 30 हजार पुस्तकें हैं और एक समय में 120 छात्र यहां अध्ययन कर सकते हैं। साहित्य प्रेमी प्रेम दीक्षित ने कहा कि लाइब्रेरी के खुलने से काफी लाभ होगा और शहर में साहित्य के लिए बेहतर माहौल तैयार होगा।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 42 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज करीब चार प्रतिशत की तेजी आयी। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 2 हजार 900 अंक उछलकर 77 हजार 534 पर, जबकि निफ्टी 860 अंक बढ़त लेकर 23 हजार 983 पर कारोबार कर रहा था।

***********************

रांची में होटवार स्थित खेलगांव में अगले माह में झारखंड का पहला खेलो इंडिया साइकिलिंग का सेंटर शुरू किया जायेगा। इस सेंटर के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया भी इसी माह शुरू हो जायेगी।

*****************